कार्यालय लोक सेवा आयोग, उ0 प्र0,
संख्या– 03 /01/ सी–3/पी.सी.एस.(जे.)/2023–24
इलाहाबादः दिनांक 31 अक्टूबर, 2023

विज्ञप्ति

उ0 प्र0 लोक सेवा आयोग, प्रयागराज द्वारा आयोजित न्यायिक सेवा सिविल जज (जू0डि0) परीक्षा–2022 की मुख्य परीक्षा जो दिनांक 23, 24 व 25 मई, 2023 को आयोजित हुई थी, जिसका अन्तिम चयन परिणाम दिनांक 30 अगस्त, 2023 को घोषित किया जा चुका है, से सम्बन्धित सभी अभ्यर्थियों के प्राप्तांक व श्रेणी वार कट आफ अंक आयोग की बेवसाइट http://uppsc.up.nic.in पर दिनांक 31 अक्टूबर, 2023 से 07 नवम्बर, 2023 तक अभ्यर्थियों के अवलोकनार्थ उपलब्ध रहेंगे। अभ्यर्थीगण उक्त वेबसाइट को क्लिक करने पर प्रदर्शित फार्मेट पर वॉछित सूचनाओं की प्रविष्टि करने के उपरान्त उनके मोबाईल पर प्राप्त OTP की प्रविष्टि कम्प्यूटर स्क्रीन पर प्रदर्शित निर्धारित कोष्ठक में करके अपने प्राप्तांक प्राप्त कर सकतें हैं।

2–जिन अभ्यर्थियों को OTP प्राप्त नहीं हो रहा है तथा OTP प्राप्त करने हेतु वे अपने मोबाईल नम्बर परिवर्तित कराना चाहते हैं, ऐसे अभ्यर्थी, प्रार्थना पत्र जिसमें अनुक्रमांक, नाम, पिता का नाम, परिवर्तित मोबाईल नम्बर एवं हस्ताक्षर अवश्य हों एवं उसके साथ स्व प्रमाणित आई.डी. प्रूफ (वोटर आई कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेन्स, आधार कार्ड अथवा हाईस्कूल का प्रमाण–पत्र) की छाया प्रति संलग्न कर अनुभाग अधिकारी, परीक्षा–3 अनुभाग, उ0 प्र0 लोक सेवा आयोग, प्रयागराज को डाक द्वारा प्रेषित करें। तदुपरान्त मोबाईल नम्बर परिवर्तित होने का SMS अभ्यर्थियों को उनके नये मोबाईल नम्बर पर प्राप्त होगा। उक्त के अतिरिक्त इसमें कोई अन्य प्रकार की विश्लेषणात्मक सूचना नहीं है। इस सम्बन्ध में यह भी सूचित किया जाता है कि चूँकि प्रश्नगत परीक्षा से सम्बन्धित अभ्यर्थियों के प्राप्तांक एवं श्रेणीवार कट–आफ–अंक आयोग की बेवसाइट पर उपलब्ध करा दिये गयें हैं। अतः इस सम्बन्ध में सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के अन्तर्गत पृथक से प्रार्थना पत्र स्वीकार नहीं किये जायेगें।

(अजय कुमार तिवारी)
परीक्षा नियन्त्रक।